कार्यालय जनपद न्यायाधीश, मीरजापुर।

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, मीरजापुर में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट का एक (1) पद रिक्त है जिस पर द0प्र0सं0 की धारा 13 के अर्न्तगत नियुक्ति हेतु माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक सं0 2668/2024/एडमिन 'जी–1' दिनांकित 29.02.2024 के आदेशानुसार नियत प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है –

1.	पद का नाम	–	विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट
2.	पदों की संख्या	–	एक
3.	योग्यता	–	अ– अभ्यर्थी सरकारी कर्मचारी हो या रहा हो। ब– विधि स्नातक हो या माननीय उच्च न्यायालय की संतुष्टि के अनुसार विधिक मामलों में विशेष अनुभव रखता हो।
4.	कार्यकाल	–	पदभार ग्रहण करने की तिथि से 4 वर्ष तक या 70 वर्ष की आयु तक, जो पहले हो।
5.	आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि	–	31.03.2024

आवेदक कार्यालयावधि में आवेदन पत्र निःशुल्क जनपद न्यायाधीश, मीरजापुर के प्रशासनिक कार्यालय अथवा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के वेबसाईट www.allahabadhighcourt.in पर भी प्राप्त कर सकते है।

दिनांक : 01.03.2024

(हस्ताक्षर) 01/03/2024
जनपद न्यायाधीश,
मीरजापुर।

पत्रांक : 634 /XV/ मीरजापुर / दिनांक : 01.03.2024

प्रतिलिपि जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर को इस आशय से प्रेषित कि वे इसका निःशुल्क प्रकाशन स्थानीय समाचार पत्र एवं अन्य राष्ट्रीय समाचार पत्रों में अविलम्ब कराकर एक प्रति इस न्यायालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करें।

(हस्ताक्षर)
जनपद न्यायाधीश,
मीरजापुर।